www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , मंगलवार, 10 मार्च 2026

बरेली के प्रमुख समाचार
- बदइंतजामी : गड्ढे भरने की फुर्सत नहीं, नया खोदने की जल्दी-II
- 36 प्रधानों को मिली क्लीन चिट, नौ पर लटकी जांच की तलवार-III
- ओपीडी में बढ़े बुखार रोगी, पर्चा व दवा काउंटर पर लगी लाइन-IV

सुविचार



यदि आप चाहते हैं कि लोग आपके साथ सच्चा व्यवहार करें तो आप खुद सच्चे बनें और अन्य लोगों से भी सच्चा व्यवहार करें।
- महर्षि अरविन्द

# सड़क चौड़ीकरण में पैमाइश का 'खेल', व्यापारियों ने खोला मोर्चा

## धर्मकांटा से कोहाड़ापीर मार्ग के चौड़ीकरण मामले में जिलाधिकारी और अपर नगर आयुक्त को भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

- व्यापारियों का आरोप - सेंटर लाइन बदलकर की गई पैमाइश दोबारा पैमाइश की मांग
- डीएम का आश्वासन - नगर आयुक्त से वार्ता के बाद वरिष्ठ अधिकारी से कराई जाएगी जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः शहर के विकास के नाम पर शुरू हुई सीएम ग्रिड योजना फेज-2 अब विवादों के घेरे में है। धर्मकांटा से कोहाड़ापीर मार्ग पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य में ''भेदभावपूर्ण पैमाइश'' का गंभीर आरोप लगाते हुए व्यापारियों ने निगम प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई है। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने सोमवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह और अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय को ज्ञापन सौंपकर मार्ग की निष्पक्ष और एक समान पैमाइश कराने की मांग की। व्यापारियों का सीधा आरोप है कि रसूखदारों को बचाने के लिए विभाग अपनी ही तय की गई ''सेंटर लाइन'' से भटक गया है। दुकानों पर लगे लाल निशानों ने व्यापारियों की रातों की नींद उड़ा दी है।



अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार



कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बाहर आते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

अपर नगर आयुक्त से व्यापारियों ने कहा कि शुरुआत में पैमाइश सड़क के केंद्र (सेंटर) को आधार मानकर की गई थी, लेकिन अब अपनी सुविधा के अनुसार मानकों को बदला जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने तीखा सवाल उठाया कि आखिर किसके दबाव में सेंटर लाइन को दरकिनार कर पक्षपातपूर्ण तरीके से नाप-जोख की जा रही है। व्यापारियों ने महादेव सेतु के पास स्थित पेट्रोल पंप की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह स्थल जाम का मुख्य केंद्र है, लेकिन प्रशासन वहां चुप्पी साधे हुए है। यदि पैमाइश निष्पक्ष नहीं हुई, तो करोड़ों खर्च करने के बाद भी इस मार्ग पर यातायात की समस्या जस की तस बनी रहेगी।

आरोप लगाया अलग-अलग बिंदुओं से माप कर दुकानों को चिह्नित करने से भेदभाव की स्थिति पैदा हो रही है। यदि सड़क चौड़ीकरण वास्तव में शहर के विकास और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है तो पैमाइश भी पारदर्शी और समान मानकों पर होनी चाहिए। साफ कहा कि महादेव सेतु के सामने स्थित पेट्रोल पंप के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनती है, विशेषकर जब सिटी बसें इस मार्ग से मुड़ती हैं। ऐसे में वास्तविक सेंटर लाइन के आधार पर सड़क का चौड़ीकरण करना ही समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है।

इधर, कलेक्ट्रेट पहुंचे व्यापारियों को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आश्वासन दिया कि पूरे मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। डीएम ने आश्वस्त किया कि इस मामले में नगर आयुक्त से वार्ता के बाद वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से मामले की जांच कराई जाएगी। व्यापारियों ने ज्ञापन देकर धर्मकांटा से कोहड़ापीर तक पूरे मार्ग की दोबारा निष्पक्ष पैमाइश कराने की मांग की। महानगर अध्यक्ष कुमार गौरव शर्मा और जिला महामंत्री जसपाल सिंह बग्गा ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर पारदर्शिता के साथ पुनः पैमाइश नहीं हुई, तो व्यापारी सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। प्रतिनिधिमंडल में कुमार गौरव शर्मा, अनुज शर्मा, जसपाल सिंह बग्गा, संजय सिंह, पारस अग्रवाल, दौड़ दयाल अग्रवाल, असीम जौहरी, हर्ष खंडेलवाल, सूरज गुप्ता, मनोज गुप्ता, अजय गोयल, संजीव अग्रवाल, मोहम्मद गुड्डू, असलम, शराफत सहित कई व्यापारी मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में निष्पक्ष जांच की मांग दोहराई।



| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| मंगलवार शाम | बुधवार सुबह |
| सुन्नी : 6:22 | सुन्नी : 5:05 |
| शिया : 6:30 | शिया : 4:56 |

## सिटी ब्रीफ

### 29 बकायेदारों की संपत्तियों पर जड़े ताले

बरेली,अमृत विचार : नगर निगम ने सोमवार को बकाया संपत्ति कर की वसूली के लिए शहर के चारों जोन में सीलिंग की कार्रवाई की। टैक्स जमा न करने वाले 29 व्यावसायिक भवन स्वामियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उनकी संपत्तियों को सील कर दिया। मौके पर 10 .60 लाख का बकाया टैक्स वसूल कर सरकारी खजाने में जमा कराया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि जोन-1 साहूकारा में दाताराम, दीनानाथ यादव, घनश्याम, राधे किशन, गुलाबनगर में रमेश चंद्र सक्सेना, श्याम स्वरूप, उदय राज, प्रेमराज और लालता प्रसाद की संपत्तियों पर ताले जड़े गए। जोन-2 में सुभाषनगर के नेकपुर में रामजीमल, सुखन लाल, नन्दू, कालका प्रसाद, कालीबाड़ी की शकुंतला देवी, ब्रज बिहारी लाल, आलमगिरीगंज के शफीक, अब्दुल कयूम, सुमित गर्ग, मोहित गर्ग व संतोष की व्यावसायिक संपत्तियों को सील किया गया।

## शहर में आज

- श्री गणेश उत्सव समिति की ओर से मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 4 बजे।
- त्रिवटीनाथ मन्दिर में श्री रामचरितमानस कथा शाम 4 से 6 बजे।
- बड़ी बमनपुरी में रामलीला का मंचन रात 8 बजे।
- यूपी बोर्ड हाईस्कूल की चित्रकला विषय की परीक्षा सुबह 8 से 11 :40 बजे तक।
- नगर निगम के मीटिंग हाल में संभव जनसुनवाई सुबह 10 बजे से।
- मानव सेवा क्लब की ओर से सेवा सहायता कार्यक्रम बिहारीपुर स्थित कार्यालय पर शाम 5 बजे।

# विकास में रोड़ा बनी फर्म स्ट्रक्टस्पेस डिजाइन को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- निगम का अल्टीमेटम, सात दिन में काम दिखाओ अन्यथा ब्लैकलिस्ट की कार्रवाई होगी
- डेलापीर-आईवीआरआई रोड सौंदर्यीकरण और रामपुर गार्डन आवास योजना प्रकरण
- समय पर दस्तावेज न देने पर अनुबंध के तहत दंडात्मक कार्रवाई की भी चेतावनी दी



**अमृत विचार :** शहर के सौंदर्यीकरण और विकास की बड़ी परियोजना में देरी पर नगर निगम ने कड़ा रुख अपनाते हुए लखनऊ की फर्म स्ट्रक्टस्पेस डिजाइन एंड इन्फनाबिल्ड प्रालि को अंतिम चेतावनी जारी करते हुए नोटिस जारी किया है।

अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राठी ने बताया कि डेलापीर चौराहे से आईवीआरआई रोड तक सौंदर्यीकरण कार्य और रामपुर गार्डेन परिसर में निगम के केंद्रीय अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रस्तावित आवास योजना के लिए परामर्शी सेवाएं देने का कार्यादेश उक्त फर्म को 12 फरवरी 2026 को जारी किया गया था। इसके तहत फर्म को निर्धारित समय सीमा में डीडीआर, ड्राइंग, डिजाइन और अन्य तकनीकी प्रपत्र निगम को उपलब्ध कराने थे, लेकिन तय अवधि बीतने के बावजूद अब तक कोई दस्तावेज दफ्तर में प्रस्तुत नहीं किए गए। कहा कि मामला केवल देरी का नहीं, बल्कि सरकारी आदेशों की सरेआम अनदेखी का है।

नगर निगम ने दो-टूक शब्दों में अल्टीमेटम दे दिया है कि सात दिन के भीतर सारे दस्तावेज कार्यालय में उपलब्ध होने चाहिए, वरना सीधे दंडात्मक विभागीय कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

नोटिस में स्पष्ट कर दिया गया है कि यदि तय समय सीमा के भीतर डीपीआर और डिजाइन प्रस्तुत नहीं किए गए, तो अनुबंध की शर्तों के तहत फर्म को ब्लैकलिस्ट करने या भारी जुर्माना लगाने जैसी कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बरेली हिंसा से जुड़ी एफआईआर रद्द करने से इनकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- आरोप गंभीर किस्म के, पूरे घटनाक्रम की गहन जांच आवश्यक : हाईकोर्ट
- याचिका में आरोपों की सत्यता या असत्यता का परीक्षण नहीं किया जा सकता

**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बरेली में हिंसक भीड़ द्वारा पुलिस पर हमले के मामले में दर्ज एफआईआर को रद्द करने से इनकार करते हुए कहा कि प्रथमदृष्टया आरोप अत्यंत गंभीर हैं और पूरे घटनाक्रम की गहन जांच आवश्यक है। अनुच्छेद 226 के तहत दाखिल याचिका में आरोपों की सत्यता या असत्यता का परीक्षण नहीं किया जा सकता। अतः यह ऐसा मामला नहीं है जिसमें प्रारंभिक स्तर पर प्राथमिकी रद्द की जा सके। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने आशु व अन्य की याचिकाएं खारिज करते हुए पारित किया और माना कि इस मामले में अवैध जमावड़े द्वारा पुलिस पर हमला, पत्थरबाजी, एसिड से भरी बोतलें फेंकने और गोली चलाने जैसे गंभीर आरोप हैं, जिनकी जांच आवश्यक है।

मामले के अनुसार 26 सितंबर 2025 को थाना बारादरी, बरेली के एसएचओ धनंजय पांडेय ने एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार उस दिन शुक्रवार की नमाज के बाद इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को लेकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तैनात थी। सूचना मिली कि 200-250 लोगों की भीड़, जिनमें 28 नामजद आरोपी भी शामिल थे, प्लेकार्ड लेकर श्यामगंज चौराहे की ओर बढ़ रही है और भड़काऊ नारे लगा रही है। पुलिस ने उन्हें बताया कि धरने की अनुमति नहीं है और धारा 163 बीएनएसएस के तहत निषेधाज्ञा लागू है, इसलिए वे लौट जाएं। एफआईआर के अनुसार पुलिस के समझाने के बावजूद भीड़ उग्र हो गई और पुलिस पर पत्थर, ईंट और एसिड से भरी बोतलें फेंकी गईं। कुछ लोगों ने पुलिस पर फायरिंग भी की, जिससे एक कांस्टेबल को गोली छूकर निकल गई और दूसरे को पत्थर लगने से चोट आई। मौके से 12 बोर के खाली कारतूस, टूटी बोतलें और अन्य सामग्री बरामद हुई। याचियों की अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि घटना सुबह की बताई गई है, जबकि एफआईआर रात 11:55 बजे दर्ज की गई, जिससे स्पष्ट है कि मामला सोच-समझकर गढ़ा गया है। उन्होंने कहा कि 200-250 लोगों की भीड़ में से 28 व्यक्तियों की पहचान करना व्यावहारिक रूप से असंभव है। कुछ याचियों ने दावा किया कि वे घटना के समय अन्य स्थानों पर थे और उन्हें व्यक्तिगत रंजिश या राजनीतिक कारणों से झूठा फंसाया गया है।

एक याची की ओर से यह भी बताया गया कि समान घटना से संबंधित एक अन्य एफआईआर पहले से दर्ज है, इसलिए दूसरी एफआईआर वैधानिक रूप से टिकाऊ नहीं है। हालांकि मामले पर विचार करते हुए कोर्ट ने माना कि एफआईआर में गंभीर और व्यापक हिंसा के आरोप हैं, जो कानून-व्यवस्था ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक व्यवस्था को भी प्रभावित करने वाला मामला है। इसके साथ ही कोर्ट ने आरोपियों की पहचान के संबंध में कहा कि चूंकि पुलिस कर्मियों का स्थानीय लोगों से संपर्क रहता है, इसलिए भीड़ में से कुछ व्यक्तियों की पहचान कर पाना असंभव नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया की घटना के समय अन्यत्र होने का दावा साक्ष्य के आधार पर ट्रायल में ही सिद्ध किया जा सकता है। एफआईआर निरस्तीकरण की कार्यवाही में इस पर विचार नहीं किया जा सकता। दूसरी एफआईआर के तर्क को खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा कि पहले दर्ज एफआईआर में घटना का केवल एक सीमित पहलू वर्णित है, जबकि वर्तमान एफआईआर पूरे घटनाक्रम का विस्तृत विवरण देती है, इसलिए इसे दूसरी एफआईआर नहीं माना जा सकता है।

# गर्मी में मिलेगी बेहतर आपूर्ति, डबल सोर्स से जोड़ी 33 केवी लाइन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गर्मी में बिजली संकट न हो, इसके लिए विभाग की ओर से तैयारी की गई है। अफसरों का दावा है कि उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति दी जाएगी। डबल सोर्स से 33 केवी लाइन जोड़ दी गई है। बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश के अनुसार गर्मी में शहरी क्षेत्र में किसी तरह की बिजली कटौती की समस्या नहीं होने दी जाएगी।

गर्मी के सीजन में 33 केवी लाइन के ब्रेक डाउन होने या ओवरलोड के चलते ट्रिपिंग की समस्या बढ़ जाती है। इसे रोकने के लिए विभाग ने मास्टर प्लान बनाकर शहर के सभी 25 सबस्टेशनों में से सुभाषनगर, किला,हरुनगला,डीडीपुरम, डेलापीर, मढ़ीनाथ सबस्टेशन पर 33 केवी की लाइन को डबल सर्किट में कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि डबल सर्किट लाइन होने से एक में फॉल्ट होने पर दूसरी को चालू कर तुरंत बिजली आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

गर्मियों में निर्बाध आपूर्ति के लिए लोहिया विहार सीबीगंज उपकेंद्र पर भी आरडीएसएस योजना के तहत 33 केवी लिंक लाइन बनाई गई है। दो किलोमीटर की अंडरग्राउंड लाइन डाली गई है। जिससे यहां एक लाइन में फॉल्ट होने पर दूसरी से जोड़कर आपूर्ति सुचारू की जाएगी। इससे चार हजार उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

### ट्रांसमिशन शुरू होने से सुभाषनगर के लोगों को भी राहत

बदायूं रोड पर 220 केवी ट्रांसमिशन बनाने के बाद 33 केवी की लाइन सुभाषनगर सबस्टेशन से जोड़ दी गई है। अभी तक सुभाषनगर में शहर से 15 किलोमीटर दूर परसाखेड़ा से 33 केवी की लाइन आती थी। वहीं पवन विहार सबस्टेशन शुरू होने से भी हरुनगला और जगतपुर सबस्टेशन के लोगों को ट्रिपिंग और बिजली कटौती से राहत मिलेगी।

### ग्रामीण क्षेत्र में भी नेटवर्क किया मजबूत

मुख्य अभियंता के अनुसार आरडीएसएस योजना के तहत नई 12 .5 सर्किट किलोमीटर की 33 केवी लाइन का निर्माण पूरा कर पड़ेरा फीडर को फरीदपुर उपकेंद्र से ऊर्जीकृत किया गया है। वहीं आंवला के बड़ा गांव में भी सबस्टेशन बनाया गया है।



"गर्मी में इस बार बेहतर बिजली आपूर्ति दी जाएगी। जिसकी तैयारी अंतिम चरण में है। अनुरक्षण माह के तहत सभी काम भी लगभग पूरे हो चुके हैं। अधिकारियों को पूर्व में कराए गए कामों की क्रास चेकिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। -ज्ञान प्रकाश, मुख्य अभियंता

# बीडीए 127 कमर्शियल प्लॉट की करेगा नीलामी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली योजना में व्यावसायिक भूखंडों के लिए आवेदन शुरू
- 23 मार्च से शुरू होगी नीलामी की प्रक्रिया, बाहरी राज्यों के निवेशकों में भी क्रेज



**अमृत विचारः** शहर के व्यावसायिक परिदृश्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने कमर कस ली है। रामगंगा नगर आवासीय योजना और ग्रेटर बरेली योजना के विभिन्न सेक्टरों में कुल 127 व्यावसायिक भूखंडों की नीलामी का ऐलान किया गया है। आवेदन की खिड़की 9 मार्च से खुल गई है, जो 22 मार्च तक जारी रहेगी। 23 मार्च से नीलामी की प्रक्रिया शुरू होगी। बीडीए की इस पहल से न केवल शहर का नियोजित विस्तार होगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए के अनुसार इन दोनों महत्वाकांक्षी योजनाओं के कुल 11 सेक्टरों में भूखंडों का आवंटन पूरी तरह पारदर्शी नीलामी के माध्यम से किया जाएगा। खास बात कि इस बार केवल छोटे व्यावसायिक प्लॉट ही नहीं, बल्कि ऑफिस कॉम्प्लेक्स, शोरूम, ग्रुप हाउसिंग और स्कूलों के लिए भी बड़े भूखंड शामिल किए गए हैं। प्राधिकरण का लक्ष्य एक ऐसा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना है, जहां रिहायशी इलाकों के साथ उच्च स्तरीय व्यावसायिक सुविधाएं भी उपलब्ध हों। इन भूखंडों के आवंटन से बरेली के बाहरी इलाकों में व्यवस्थित विकास को बढ़ावा मिलेगा। बुनियादी सुविधाओं का ढांचा और मजबूत होगा। कहा कि इस नीलामी को लेकर निवेशकों में उत्साह है। बरेली के स्थानीय व्यापारियों के साथउत्तराखंड, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के बड़े रियल एस्टेट निवेशक भी इन भूखंडों को हासिल करने के लिए आवेदन की तैयारी कर रहे हैं। इच्छुक आवेदक निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

# पार्षद बताएंगे किन स्थानों पर होता जलभराव, निगम करेगा पुख्ता इंतजाम

- नगर आयुक्त ने पार्षदों से पानी भरने वाले संवेदनशील इलाकों की सूची मांगी

**बरेली, अमृत विचारः** नगर निगम ने मानसून से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नई रणनीति तैयार की है। अब कागजी आंकड़ों के बजाय जमीनी हकीकत के आधार पर नालों की सफाई और ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त किया जाएगा। इसके लिए निगम ने सभी पार्षदों से उनके वार्डों के उन संवेदनशील इलाकों की सूची मांगी है, जहां हर साल घुटनों तक पानी भर जाता है। पार्षदों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे अपने इलाके के ऐसे स्थानों को चिह्नित करें, ताकि समय रहते वहां पुख्ता प्रबंध किए जा सकें। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि पार्षदों की रिपोर्ट मिलते ही उन क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवरुद्ध नालियों को खोला जाएगा और बड़े नालों की तली झाड़ सफाई की जाएगी। कई इलाकों में पुरानी पाइपलाइनों के चोक होने या सड़क की ऊंचाई कम होने के कारण पानी जमा होता है। ऐसे स्थानों पर पंपिंग सेट की व्यवस्था व वैकल्पिक निकास द्वारों पर काम शुरू कर दिया गया है।

**फैसला** | कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भूमि क्रय दर निर्धारण समिति की बैठक में तय की गईं दरें

# औद्योगिक टाउनशिप के लिए जमीन खरीदने का रास्ता साफ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रदेश की पहली औद्योगिक टाउनशिप के लिए भूमि अर्जन करने का रास्ता सोमवार को साफ हो गया। करीब 124.3703 हेक्टेयर भूमि का सर्किल रेट से चार गुने दाम पर अर्जन किया जाएगा। डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हुई भूमि क्रय दर निर्धारण समिति की बैठक में भूमि खरीदने की दर पर मुहर लगा दी गयी। बरेली विकास प्राधिकरण ने टाउनशिप के लिए चार गांवों के सैकड़ों किसानों से आपसी समझौते के आधार पर भूमि अर्जन करने की तैयारी शुरू कर दी है।



भूमि क्रय दर निर्धारण समिति की बैठक करते डीएम, बीडीए वीसी भी मौजूद रहे।

दरअसल, बरेली विकास प्राधिकरण ने आउटर रिंग रोड के किनारे प्रदेश की पहली औद्योगिक टाउनशिप बसाने के लिए तहसील सदर के रसूला चौधरी गांव और मीरगंज तहसील के ग्राम भिटौरा नौगवां उर्फ फतेहगंज पश्चिमी, चिटौली एवं रहपुरा जागीर के किसानों की भूमि अर्जन करने के लिए चिह्नित की है। आवास एवं शहरी नियोजन से भूमि अर्जन की अनुमति मिलने के बाद बीडीए ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि, पहले भूमि क्रय दर तय करने के लिए 28 जनवरी को बैठक होनी थी, लेकिन किसी वजह से टल गयी थी। कलेक्ट्रेट में डीएम कक्ष में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में हुई भूमि क्रय दर निर्धारण समिति की बैठक में बीडीए वीसी डॉ. मनिकन्डन ए, एडीएम एफआर संतोष कुमार सिंह, बीडीए सचिव, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी आदि राजस्व, निबंध और बीडीए के अन्य अधिकारी शामिल हुए। सहमति से औद्योगिक टाउनशिप के लिए सर्किल रेट से चार गुना रेट पर 124.3703 हेक्टेयर भूमि अर्जन करने की सहमति बनी।

### यह है बीडीए की औद्योगिक टाउनशिप

बरेली : बीडीए शहर में लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नई औद्योगिक टाउनशिप विकसित करा रहा है। उद्यमियों को 17 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से भूखंड उपलब्ध कराने की चर्चा है। परियोजना पर लगभग 800 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसमें भूमि अधिग्रहण के लिए 300 करोड़ रुपये, बाहरी विकास के लिए 275 करोड़ और आंतरिक विकास के लिए 225 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### औद्योगिक टाउनशिप बसाने की कवायद में रहपुरा जागीर में चकबंदी पूरी

बीडीए की औद्योगिक टाउनशिप के लिए काफी समय पहले तक चकबंदी न होने का मामला फंसा हुआ था लेकिन जिला बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी पवन कुमार सिंह ने अलग से टीम लगाकर रहपुरा जागीर की चकबंदी पूरी कराई। एक टीम चकबंदी तो एक टीम चकबंदी से संबंधित ग्रामीणों की शिकायतों के निस्तारण के लिए लगाई।

### औद्योगिक टाउनशिप को समन्वय से धरातल पर शीघ्र उतारें

बरेली : जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देश दिए कि भूमि क्रय निर्धारण से संबंधित आवश्यक औपचारिकताओं एवं प्रक्रिया पूरी कर भूमि क्रय के संबंध में कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि औद्योगिक टाउनशिप परियोजना को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय एवं तत्परता के साथ कार्य करें, ताकि बरेली के समग्र औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को गति मिल सके।




# बदइंतजामी : गड्ढे भरने की फुर्सत नहीं, नया खोदने की जल्दी

## श्यामगंज बना 'आफतगंज', पहले पाइलाइन ने तोड़ी कमर, अब चौराहे पर सीवर की खुदाई से जनता बेहाल, आवाजाही में हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विकास के नाम पर शहर की सूरत बिगाड़ने और जनता को आफत में झोंकने का खेल श्यामगंज में चरम पर है। गल्ला मंडी से लेकर फ्लाईओवर तक जलकल विभाग ने पहले पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क का सीना चीर दिया और काम के बाद उसे ऊबड़-खाबड़ हाल में ही छोड़ दिया, जिससे लोग पहले से ही चोटिल हो रहे थे। अब रही-सही कसर श्यामगंज चौराहे के बीचो-बीच ट्रंक सीवर लाइन जोड़ने के लिए शुरू हुई नई खुदाई ने पूरी कर दी है। इस व्यस्त चौराहे पर सोमवार को दिनभर अफरा-तफरी का माहौल रहा और पाइपलाइन के मलबे व सीवर की नई खुदाई के दोहरे वार से पूरा इलाका ''''जामगंज'''' में तब्दील हो गया। वाहनों की लंबी कतारों के बीच पुलिस के पसीने छूट गए।


श्यामगंज चौराहे पर पुल के नीचे ट्रंक सीवर लाइन जोड़ने के लिए खोदी गई सड़क। लोगों को आवाजाही में हो रही दिक्कत।


श्यामगंज से साहूगोपीनाथ जाने वाली सड़क की यह है स्थिति।

- श्यामगंज चौराहे के बीचो-बीच ट्रंक सीवर लाइन जोड़ने को खोदा गया गड्ढा
- जलकल विभाग की कार्यशैली से तीन दिन और 'सजा-ए-जाम' भुगतेगा शहर

सीवर लाइन के खोदे गए गड्ढे को जलकल विभाग के अफसर भले ही इसे कालीबाड़ी क्षेत्र की सीवर समस्या का समाधान बता रहे हों, लेकिन बिना किसी पूर्व योजना और वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था किए चौराहे को खोद देना विभाग की अदूरदर्शिता को दर्शाता है। एक तरफ जहां साहू गोपीनाथ से फ्लाईओवर तक की सड़क को मिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी गई है, जहां हर दस मिनट में लगने वाले जाम के कारण राहगीरों के बीच झगड़े होते हैं। दूसरी तरफ, अब मुख्य चौराहे की घेराबंदी ने मुसीबत ओर बढ़ा दी है। स्थानीय दुकानदार राजू मौर्य, सुमित कुशवाहा, चंद्रसेन, रविंद्र आदि का कहना है कि नगर निगम का जलकल विभाग यह भूल गया है कि एक समस्या का समाधान दूसरी बड़ी मुसीबत पैदा करके नहीं किया जाना चाहिए। सिस्टम की इस बेतरतीब कार्यप्रणाली का खामियाजा चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मी भी भुगत रहे हैं। धूल फांकते हुए यातायात संभालने के लिए जी-तोड़ मेहनत करते दिखे। सहायक अभियंता अजीतज विभाग का कहना है कि इस कार्य में तीन दिन ओर लगेंगे। जिसका सीधा मतलब है कि शहरवासियों को कम से कम तीन से चार दिन इसी दमघोंटू जाम और दुर्घटनाओं के साये में जीना होगा।

### धूल फांकता कारोबार सिसक रहे दुकानदार

श्यामगंज गल्ला मंडी के दुकानदारों का कहना है कि पहले पाइपलाइन के मलबे और धूल ने ग्राहकों का रास्ता रोका और अब बीच चौराहे की खुदाई ने रही-सही कसर पूरी कर दी है। दिनभर उड़ती धूल न केवल सेहत बिगाड़ रही है, बल्कि चौराहे के किनारे वाली दुकानों में रखा कीमती सामान भी खराब कर रही है। जाम के कारण ग्राहक इन रास्तों पर आने से तौबा कर रहे हैं, जिससे व्यापार चौपट हो गया है।

# नगर निगम कर्मी के फंड के खाते से निकाले 10 लाख

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बेटी का आरोप - पिता की मौत के बाद परिजनों ने किया खेल
- कूटरचित दस्तावेज तैयार करके रकम हड़पने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** नगर निगम में कार्यरत कर्मचारी की मौत के बाद उसके फंड की रकम फर्जी दस्तावेज बनाकर निकाल ली गई। मृत कर्मचारी की बेटी को जानकारी हुई तो उसने पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

बारादरी थाना क्षेत्र के सूफी टोला निवासी मुनव्वर ने बताया कि उसके पिता की ताहिर रजा खां का निधन 29 अप्रैल 2024 को हो गया था। इसके बाद उसके बड़े भाई हसन रजा खां, बहन इशरत, बहनोई आसिफ ने बिना सूचना के उप जिलाधिकारी कार्यालय सदर से पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र जारी करवा लिया। मुनव्वर ने बताया कि उसके पिता नगर निगम में नौकरी करते थे। आरोप है कि उन्होंने नगर निगम के बाबू यश की मदद से उसके कूटरचित दस्तावेज तैयार करके पिता के खाते से फंड के 10 लाख रुपये निकाल लिए।

मुनव्वर का कहना है कि जब उन्हें इस बात की जानकारी हुई तो वह 25 सितंबर 2025 को आरोपियों के घर पहुंची और फर्जी दस्तावेज के बारे में पूछा। आरोप है कि वहां मौजूद लोगों ने अभद्रता की, गाली-गलौच की और विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। बारादरी पुलिस और एसएसपी से शिकायत के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने हसन रजा खान, इशरत, महक साबरी, नगर निगम के बाबू यश और आसिफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# युवक ने सोशल मीडिया पर की भड़काऊ टिप्पणी

**बरेली, अमृत विचार :** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच युद्ध जारी है। इस बीच सोशल मीडिया पर जुबानी जंग ने जोर पकड़ लिया है। जंग के माहौल में कुछ लोग देश का माहौल खराब करने से भी बाज नहीं आ रहे। ऐसे ही एक युवक के खिलाफ इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। युवक ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो बनाकर माहौल खराब करने का प्रयास किया।

धौरेरा माफी के रहने वाले सलीम अंसारी नाम के युवक ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो डाला। युवक ने 12 सेकेंड के वीडियो में कई आपत्तिजनक बातें कही हैं। युवक का ये वीडियो हिंदू संगठन के लोगों तक पहुंचा तो आक्रोश फैल गया। हिंदू संगठन की तरफ से वीडियो बरेली पुलिस को एक्स पर टैग कर मामले में कार्रवाई की मांग की। उप निरीक्षक मोहित कुमार की तहरीर पर सलीम नाम के युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

# छत से गिरकर विवाहिता की मौत पति पर धक्का देने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सुभाषनगर थाना क्षेत्र में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद जांच में जुटी पुलिस
- होली पर मायके आई महिला पति के साथ गई थी छत पर घटना के बाद पति फरार

**अमृत विचार :** छत से गिरकर विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के परिजनों ने पति पर छत से धक्का देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। तहरीर मिलने के बाद सुभाषनगर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं घटना के बाद आरोपी पति फरार हो गया है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ निवासी मुस्कान की शादी 3 साल पहले फरीदपुर के बुधौली गांव निवासी मुन्नालाल के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल के लोग उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। परिजनों का कहना है कि कुछ समय पहले मुन्नालाल मुस्कान को काम कराने के लिए हल्द्वानी ले गया था। वहां भी उसके साथ मारपीट की गई।


जानकारी देती महिला की मां।

होली पर मुस्कान अपने मायके आई थी। पति मुन्नालाल रविवार को उसे बुलाने के लिए गया था, लेकिन परिजनों ने भेजने से इंकार कर दिया था।

आरोप है कि इसके बाद मुन्नालाल मुस्कान को छत पर ले गया। उसके बाद उसे धक्का देकर नीचे गिराकर मार दिया। उसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सुभाष नगर थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि फरीदपुर से उसका पंचायत नामा भरने की कार्रवाई हुई है। मृतका की मां से बात की गई है। उसने अंतिम संस्कार के बाद तहरीर देने को कहा है। फरार हुए पति को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिजली बिल जमा करने गया हाई स्कूल का छात्र लापता

**सीबीगंज, अमृत विचार :** दस दिन पूर्व लापता हुए हाईस्कूल के छात्र का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। छात्र के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है। सीबीगंज के गांव खड़ौआ उर्फ हैदराबाद निवासी प्रमोद कुमार गंगवार पुत्र मेवाराम के मुताबिक उनका पंद्रह वर्षीय बेटा सोयब हाईस्कूल के पेपर दे रहा है। वह 28 फरवरी को बिजली का बिल जमा करने को कहकर घर से गया था, मगर वापस नहीं लौटा।

- छात्र के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं कोई पता नहीं चला। इससे चार माह पूर्व भी वह घर से लापता हो गया था, जिसके बाद वह नासिक में मिला। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

# रिश्वत लेते पकड़े गए हैं तहसील सदर के कई लेखपाल

**बरेली, अमृत विचार :** तहसील सदर के तमाम लेखपाल रिश्वत लेने के आरोप में पकड़े जा चुके हैं। कई के खिलाफ संपूर्ण समाधान दिवस में जमीन पर कब्जा कराने व खेत जुतवाने के आरोप लगे हैं लेकिन जांच में लेखपाल बच जाते हैं। पिछले दो साल में आधा दर्जन लेखपाल रिश्वत लेते हुए पकड़े गए हैं। इसमें कई लेखपाल चकबंदी विभाग के भी शामिल हैं। तहसील सदर के सूत्रों ने बताया कि 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार लेखपाल महेश कुमार के खिलाफ पूर्व में तहसील में उच्चाधिकारियों के पास शिकायतें पहुंची थीं। लेखपाल वर्तमान में चंद्रपुर बिचपुरी और कमुआ का एरिया देख रहा था। करीब पांच माह पहले ही चंद्रपुर बिचपुरी का क्षेत्र देखने के लिए मिला है।

# दुष्कर्म आरोपी की जन्मतिथि में हेरफेर करने का आरोप लगाया

- पीड़िता के पिता ने विद्यालय के प्रधानाचार्य समेत तीन लोगों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**सीबीगंज, अमृत विचार :** किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में जेल गए आरोपी बेटे को न्यायालय में बचाने के लिए पिता ने उसे नाबालिग दर्शा कर लाभ पहुंचाने का प्रयास किया। इस संबंध में साठ-गांठ से जन्मतिथि में हेरफेर कराकर दो टीसी जारी करा ली। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने विद्यालय की प्रधानाचार्य समेत तीन लोगों के खिलाफ एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है।

गांव परसाखेड़ा बंजारिया निवासी एक पिता ने दर्ज मुकदमे में बताया है कि उसकी नाबालिग बेटी को वर्ष 2024 गांव का ही इनायत हुसैन उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। उसके साथ कई जगह दुष्कर्म किया था। इसका मुकदमा सीबीगंज थाने में दर्ज हुआ था। सके बाद आरोपी के पिता साबिर हुसैन ने परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित भोले शंकर धर्मार्थ माता कमलादेवी स्कूल की प्रधानाचार्य से साठ गांठ कर आरोपी इनायत हुसैन को उक्त विद्यालय में कक्षा पांच में पढ़ना दिखाकर टीसी में उसकी जन्मतिथि 8 सितंबर वर्ष 2009 दर्शा कर उक्त प्रमाणपत्र दाखिल कर दिए। जब किशोर न्यायालय में आरोपी के अभिभावक के बयान दर्ज हुए तो उन्होंने अपने बेटे को नाबालिग बताया। आरोपी को इसका लाभ मिल गया और उसकी जमानत हो गई। इसकी जानकारी जब किशोरी के पिता को हुई तो उन्होंने छानबीन की। किशोरी के पिता ने बताया कि जब वह उक्त विद्यालय पहुंचे तो विद्यालय की शिक्षिका नीलम गंगवार ने जानकारी दी कि आरोपी युवक इनायत हुसैन उक्त विद्यालय में कक्षा आठ तक पढ़ा है और उसकी कक्षा आठ की टीसी में जन्मतिथि 23 फरवरी वर्ष 2005 है।

# कक्षा 8 के छात्र के साथ मारपीट करके किया घायल

**बरेली, अमृत विचार :** रामगंगा नगर बीडीए कॉलोनी में दौड़ लगा रहे कक्षा 8 के छात्र के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। विरोध करने पर उसे जबरन कार में खींचने का प्रयास किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के क्रिस्टल कॉलोनी हरुनगला निवासी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि उनका बेटा अक्षय प्रताप सिंह कक्षा 8 का छात्र है। उनका बेटा रामगंगा नगर बीडीए कॉलोनी में दौड़ लगा रहा था। आरोप है कि तभी आयुष पटेल उर्फ दीपक निवासी डोहरिया अपने 3 अन्य अज्ञात साथियों के साथ कार से आया। उसने बेटे से कहा कि यहां दौड़ने की परमिशन हमसे नहीं ली है। इस पर बेटे ने कहा कि आपसे कैसी परमिशन लेनी, आरोप है कि उसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे जबरन कार में डालने का प्रयास किया।

# होली के बाद भी ट्रेनों में उमड़ रही भीड़

- यात्रियों को राहत देने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने दो ट्रेनों में लगाए अतिरिक्त कोच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने यात्रियों की राहत के लिए दो ट्रेनों रामनगर-चंडीगढ़, लालकुआं-आनंद विहार एक्सप्रेस में लगाए अतिरिक्त कोच लगाने का फैसला लिया है। इससे यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। वहीं होली के बाद भी ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है।

इज्जत नगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी नंबर 15063/15064 रामनगर-चण्डीगढ़-रामनगर एक्सप्रेस और 15059/15060 लालकुआं-आनन्द विहार टर्मिनल-लालकुआं एक्सप्रेस में चल रहे कन्वेंशनल रेक को आधुनिक एलएचबी रेक से बदलकर साधारण श्रेणी के 02 अतिरिक्त कोच लगाये गये हैं। 15063/15064 रामनगर-चण्डीगढ़-रामनगर एक्सप्रेस और 15059/15060 लालकुआं-आनन्द विहार टर्मिनल-लालकुआं एक्सप्रेस एलएचबी रैक से चलाने के फलस्वरूप रैक संरचना में परिवर्तन किया गया है। एलएचबी कोच लगाये जाने से इन गाड़ियों में साधारण श्रेणी में 220 अतिरिक्त सीट एवं विभिन्न आरक्षित श्रेणियों में कुल 44 बर्थ की बढ़ोतरी हुई है।


बरेली जंक्शन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों को जूझना पड़ा। ● अमृत विचार

### नियमित ट्रेनों में यात्रियों को जगह नहीं मिल रही

नियमित ट्रेनों में यात्रियों को जगह नहीं मिल पा रही है, जबकि होली स्पेशल ट्रेनें खाली चल रही हैं। सोमवार को बरेली जंक्शन और इज्जत नगर स्टेशन पर यात्रियों की बड़ी संख्या में भीड़ देखी गई, ट्रेनों में सीट पाने के लिए यात्री मारामारी करते दिखे। भीड़ होने के चलते दिव्यांग और महिला कोचों में भी पुरुष यात्री सवार हो रहे हैं।

**तैयारी** | बरेली पहुंचेंगे 12 जिलों से अभ्यर्थी, जाट रेजिमेंट सेंटर में आयोजित होगी शारीरिक दक्षता भर्ती परीक्षा

# अग्निवीर भर्ती : 10 हजार से अधिक अभ्यर्थी लगाएंगे दौड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जाट रेजिमेंट में आयोजित होने वाली सेना अग्निवीर भर्ती में 12 जिलों के 10741 अभ्यर्थी दौड़ लगाते हुए अपना दम दिखाएंगे। भर्ती प्रक्रिया में चिनअप, शारीरिक परीक्षा में दौड़, बैलेंसिंग वॉल व नौ फिट डिश के राउंड होंगे। अभ्यर्थियों को इसे पास करना होगा। इसके बाद उन्हें अग्निवीर का तमगा मिलेगा। इसके लिए सेना ने तैयारी पूरी कर ली है। भर्ती परीक्षा के लिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप सोमवार को दिया गया। सेना के मुख्य अधिकारियों ने ग्राउंड में पहुंच कर सभी व्यवस्थाओं को जांचा।



अग्निवीर भर्ती को लेकर जाट रेजिमेंट सेंटर में की गई तैयारी। ● अमृत विचार

जाट रेजीमेंट सेंटर परिसर में 11 से 19 मार्च तक 12 जिलों के अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में दमखम दिखाएंगे। 20-21 मार्च को सफल अभ्यर्थियों का मेडिकल कराने के साथ 22-23 मार्च को उनके प्रमाणपत्रों की जांच की जाएगी। भर्ती बोर्ड की ओर से दिन व जिलावार अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए दिन निर्धारित कर दिए गए हैं। एनसीसी की 21 वीं यूपी बटालियन के बीएचएम (ड्रिल इंस्ट्रक्टर) नरपत बिश्नोई ने बताया कि इस भर्ती परीक्षा में शारीरिक परीक्षा में दौड़, चिनअप, बैलेंसिंग वॉल व नौ फिट डिश के राउंड होंगे। 1600 मीटर दौड़ 5.51 मिनट में पूरे करने वाले अभ्यर्थी को पूरे 60 अंक मिलेंगे। समय के हिसाब से क्रमशः 48, 36, 24 अंक मिलेंगे। चिनअप के लिए 40 नंबर का राउंड होगा। पूरे 10 चिनअप लगाने वाले को 40 अंक मिलेंगे। इसके बाद बैलेंसिंग वॉल और फिर नौ फिट डिश का राउंड है। इसमें अभ्यर्थी को क्वालीफाई करना होगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को कक्षा-10 व 12 की मार्कशीट, ओबीसी प्रमाणपत्र, मूल निवास प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाणपत्र तैयार रखना होगा। लिखित परीक्षा से पहले इन्हें जमा करना होगा।

### जिलेवार इतने अभ्यर्थी परीक्षा में होंगे शामिल

अग्निवीर भर्ती परीक्षा में बहराइच, बलरामपुर, सीतापुर और श्रावस्ती से 818, लखीमपुर खारी और पीलीभीत से 977, संभल और शाहजहांपुर से 1284, हरदोई 1005, फर्रुखाबाद से 1017, बदायूं से 1169, बरेली से 1014 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस ने महिला को कुचला, मौत

**बरेली, अमृत विचार :** पति के साथ दवा लेकर घर लौट रही महिला को रोडवेज बस ने कुचल दिया। घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के मुड़िया अहमद नगर निवासी कौशर अली रविवार शाम पत्नी शबाना और बेटी फिजा के साथ बाइक से शहर में दवा लेने आए थे। दवा लेकर वह घर लौट रहे थे। रास्ते में जैसे ही वह बैरियर टू चौकी के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। महिला बस के पिछले पहिए के नीचे आ गई। सिर में गंभीर चोट आने के बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान महिला की सांसें थम गईं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बस चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### हाईवे पार कर रहे अधेड़ की हादसे में मौत

**फतेहगंजपूर्वी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम हरेली निवासी जगपाल (50) पुत्र श्यामलाल सोमवार की शाम को हाईवे को पार कर रहा था। हरेला चौराहे के समीप अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए बरेली भेजा जहां देर शाम जगपाल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सिटी ब्रीफ

### ड्यूटी से इनकार पर बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार :** शराब पीकर ड्यूटी करने से इनकार करने वाले बीएलओ के खिलाफ प्रशासन कार्रवाई की तैयारी में है। एईआरओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। सुपरवाइजर किशन स्वरूप ने शिकायत में बताया है कि उनके साथ काम करने वाला बीएलओ उन्हें परेशान कर रहा है। बीएलओ के पास करीब 200 नोटिस, 125 फार्म छह अपडेट करने के लिए हैं, लेकिन वह उस काम को नहीं कर रहा है। सात मार्च को जब उन्होंने बीएलओ को फोन किया तो उसने उन्हें जवाब दिया कि वह नशे में है और वह काम नहीं कर पाएगा। साथ ही बीएलओ ने उसके उनके साथ अभद्रता भी की। पीड़ित ने इसकी शिकायत एईआरओ से की है। इसके बाद मामले की जांच शुरू हो गई है। जल्द ही आरोपी बीएलओ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा सकती है।

### पुष्कर बने कोषाध्यक्ष और अरविंद जिला उपाध्यक्ष

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी का विस्तार सोमवार को गांधी उद्यान में किया गया। जिलाध्यक्ष जितेंद्र गंगवार ने पुष्कर उपाध्याय को जिला कोषाध्यक्ष, अरविंद गंगवार को जिला उपाध्यक्ष और अरविंद कुमार को जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी। जिला मंत्री गिरजेश कुमार ने बताया कि एसआईआर कार्य पूरा होने के बाद शेष ब्लॉकों में बीआरसी केंद्रों पर विधिवत चुनाव कराए जाएंगे। बैठक में सर्वसम्मति से जिला स्तर पर शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी आयोजित करने पर विचार किया गया। बचन सिंह, मोनिका सागर, शुमायला खान, राहुल सिंह, अमित गंगवार, आनंद शर्मा, अनुभव शर्मा, अंकित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताएं 11 से

**बरेली, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से जनपद स्तरीय जूनियर फुटबॉल, जूडो, वालीबॉल, सेपकटाकरा, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, लॉन टेनिस, भारोत्तोलन बालक और बालिका वर्ग में व जूनियर हॉकी एवं एथलेटिक्स बालक वर्ग में प्रतियोगिताएं स्पोर्ट्स स्टेडियम में 11 मार्च से होंगी।

# नोटिस सुनवाई का कार्य दो दिन में पूरा कराएं

- उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोटिस सुनवाई के संबंध में की बैठक

**बरेली, अमृत विचार:** उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बहेड़ी, नवाबगंज, फरीदपुर एवं आंवला विधानसभाओं की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में नो मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी की नोटिस सुनवाई के संबंध में बैठक की।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद की नोटिस सुनवाई का प्रतिशत प्रदेश के औसत से कुछ कम है, जनपद की रिपोर्ट की समीक्षा से यह स्पष्ट है कि आपकी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की कम प्रगति के कारण जनपद का प्रतिशत प्रदेश के प्रतिशत से कम हुआ है। हमें निस्तारण बढ़ाने की जरूरत है। संबंधित ईआरओ तथा उनसे संबंधित एईआरओ को निर्देशित किया कि नो मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी नोटिस सुनवाई से संबंधित समस्त कार्य दो दिवस के अन्दर प्रत्येक दशा में पूर्ण कराएं। उप जिलाधिकारी बहेड़ी व आंवला, प्रभारी उप जिलाधिकारी नवाबगंज व संबंधित एईआरओ उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने विधायकों से मांगे पांच-पांच करोड़ के प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये विधायकों और प्रशासनिक अधिकारियों संग विकास कार्यों पर चर्चा की
- त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत प्रस्ताव 15 अप्रैल तक सीएम कार्यालय भेजने को कहा



मुख्यमंत्री की वीसी में मौजूद वनमंत्री, विधायक, कमिश्नर, डीएम सहित अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विधानसभा क्षेत्रों में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के विकास कार्य कराए जाएंगे। सड़क, नाली, पुलिया, स्कूलों में कक्ष, वकीलों के लिए चैंबर समेत विभिन्न विकास कार्य होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों से अपनी विधानसभा में पांच-पांच करोड़ से कराए जाने वाले विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे। विधायकों से प्रस्ताव बनवाकर 15 अप्रैल तक मुख्यमंत्री कार्यालय भिजवाने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये बरेली जनपद में हुए विकास कार्यों पर भी चर्चा की। उन्होंने वीसी में मौजूद विधायकों से विधानसभा क्षेत्र में होने वाले कार्यों की भी जानकारी की। प्रशासनिक अधिकारियों को विकास कार्यों के प्रस्ताव समय पर तैयार कराकर भिजवाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की वीसी में वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा, नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य के अलावा कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी, डीएम अविनाश सिंह, सीडीओ देवयानी, बीडीए वीसी डॉ. मनिकन्डन ए, नगर आयुक्त संजीव मौर्य, एडीएम एफआर संतोष कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इधर, वीसी में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने 15 अप्रैल तक विकास कार्यों के प्रस्ताव भिजवाने के लिए कहा है। यह भी कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय में सचिव सुरेंद्र सिंह प्रस्ताव कार्यों को देख रहे हैं।

# 36 प्रधानों को मिली क्लीन चिट नौ पर लटकी जांच की तलवार

## 43 प्रधान व दो पूर्व प्रधान के खिलाफ अनियमितताओं और कार्यों में गड़बड़ी की मिली थीं शिकायतें

दिग्विजय मिश्रा, बरेली

- भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच पूरी होने के बाद 36 प्रधानों को राहत
- नौ प्रधानों की जांच अब भी लंबित कार्रवाई को जांच रिपोर्ट का इंतजार

**अमृत विचार :** जिले में ग्राम पंचायतों से जुड़े भ्रष्टाचार के मामलों में की जा रही जांच में फंसे 35 मौजूदा प्रधान और एक पूर्व प्रधान पर लगे आरोप को निराधार बताते हुए जांच अधिकारी ने क्लीन चीट दे दी है, जबकि आठ मौजूदा और एक पूर्व प्रधान पर अभी भी जांच की तलवार लटकी हुई है। माना जा रहा है कि इन सभी पर जल्द ही कार्रवाई की गाज गिर सकती है। इन सभी के खिलाफ अभी भी विभागीय जांच जारी है।

बता दें कि 2023 से लेकर अभी तक 43 प्रधान और दो पूर्व प्रधान के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं और पंचायत कार्यों में गड़बड़ी की शिकायतें मिली थीं। शिकायतों की जांच के लिए जांच अधिकारी नियुक्त किए थे। जांच के दौरान दस्तावेजों, कार्यों और वित्तीय अभिलेखों की पड़ताल की गई। जांच पूरी होने के बाद पता चला कि 35 प्रधान और एक पूर्व प्रधान पर लगे आरोप पूरी तरह से निराधार थे। इसके बाद इन प्रधानों को विभाग ने क्लीन चिट दे दी। हांलाकि, आठ ग्राम प्रधानों और एक पूर्व प्रधान के मामलों में जांच अभी पूरी नहीं हो सकी है। इन मामलों में दस्तावेजों की जांच और अन्य तथ्यों की पुष्टि की प्रक्रिया जारी है। अंदेशा जताया जा रहा है कि जिन मामलों की जांच लंबित है। उनमें अनियमितताओं के आरोप गंभीर बताए जा रहे हैं। ऐसे में जांच पूरी होने के बाद संबंधित प्रधानों के खिलाफ कार्रवाई की तलवार लटक सकती है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार जांच प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ की जा रही है और जिन मामलों में दोष सिद्ध होगा, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### इन प्रधानों को मिली क्लीन चीट

ग्राम पंचायत पिंदारी अभयचन्द के ग्राम प्रधान रमेश सिंह, उगनपुर की अनीता देवी, जाम अन्तरामपुर की सोनी गंगवार, जसाई नागर के आदित्य प्रताप सिंह, पंडरी के अय्यूब शाह, केसरपुर की कामना देवी, सुल्तानपुर की मुन्नी देवी, हल्दी कलां (द्वितीय) के विजय पाल, मोहम्मदपुर के राहुल गंगवार, हल्दी कलां के श्यामलाल मौर्य (पूर्व प्रधान), लभेड़ा के अनबर अली, चमन नगरिया के अब्दुल कयूम खां, रुपपुर के नाजिम अली, रिछौला की इसरत जहां, नवदिया वमनपुरी के चरण सिंह, बरखना के चंद्र पाल, बड़ा गांव के सतेंद्र मोहन, अल्हैया के प्रधान, परसरामपुर मोहम्मद शफीक को क्लीट चीट दिया गया है। इसी क्रम में लौंगपुर के सुदामा तोमर, चम्तपुर के जयवीर, गहरां के रामऔतार, शेखापुर के अनिल कुमार सिंह, गत्थुआ की गिरजा देवी, मण्डोरा के राम निवास, चठिया के अरविंद सिंह समेत 36 को क्लीन चीट दिया गया है।

> ग्राम पंचायतों से जुड़े मामलों में प्राप्त शिकायतों की जांच कराई गई। इसमें 35 प्रधान और एक पूर्व प्रधान पर लगे आरोप पूरी तरह से निराधार पाए गए। इसके बाद उन सभी को क्लीन चीट दे दी गई, जबकि एक पूर्व और आठ मौजूदा प्रधान के खिलाफ विभागीय जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
> –**कमल किशोर**, जिला पंचायत राज अधिकारी

### इन प्रधानों के खिलाफ जांच जारी

सुकटिया ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान ओम प्रकाश, भौआ बाजार के जुल्फिकार खां, मधुनगला के अनमोल, सुंदरी की सुनीता देवी, मटकापुर के राजकुमार, स्वाले मुजाहिदपुर की फराबी, डंडिया नवाजिस अली के कालीचरन, हरेली अलीपुर के जोगिंदर, मस्तीपुर के जयदेव कुमार के खिलाफ जांच चल रही है। माना जा रहा है कि जल्द इन सभी के खिलाफ जांच पूरी होगी और उसके बाद इन सभी के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। ऐसे में ग्राम प्रधानों के बीच खलबली का माहौल बना हुआ है।

# फर्जी आईटीसी रैकेट का खुलासा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- क्राइम ब्रांच और किला पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया
- जीएसटी फर्जीवाड़ा प्रकरण में 59 लाख राजस्व का लगाया चूना


पुलिस हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्राइम ब्रांच और किला पुलिस ने जीएसटी फर्जीवाड़ा प्रकरण में फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) रैकेट का खुलासा किया है। फर्जी आईटीसी के जरिये 59 लाख रुपये के राजस्व का चूना लगाने में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है और मामले की जांच कर रही है।

उपायुक्त राज्यकर खंड के प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार ने किला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया गया था कि फरजान हाशमी प्रोपराइटर फर्म एफएस ट्रेडर्स अनवर हाशमी निवासी बड़ा बाजार थाना किला द्वारा फर्म एफएस फर्म बनाकर अन्य फर्जी एवं बोगस कंपनी और व्यवसायियों से मिलकर अपने सहयोगियों से आपस में साजिश करते हुए षड्यंत्र रचकर फर्जी व कूट रचित जीएसटी तैयार करके आईटीसी क्लेम करते हुए राज्य कर विभाग से धोखाधड़ी कर रिफंड प्राप्त करते हुए सरकार को कुल 59 लाख की आईटीसी क्लेम कर राजस्व हानि पहुंचाई गई है।

किला पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने के बाद विवेचना कर रही थी, इसके बाद पुलिस ने फरजान हाशमी और सद्दाम हुसैन को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### इस तरह करते थे फर्जीवाड़ा

पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उन्होंने फरजान हाशमी व अन्य साथियों से मिलकर पिछले कई सालों से फर्जी फर्मों का सृजन कर फर्जी इनवॉइस, ई – वे बिल के माध्यम से बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) एवं अन्य फॉर्म के माध्यम से इस नेटवर्क का संचालन और उनके साथ मिलकर कूटरचित आईटीसी पास ऑन कर जीएसटी रिफंड प्राप्त कर रहे थे। पकड़े गए आरोपी सद्दाम हुसैन के मोबाइल व्हाट्सएप पर 7 अक्टूबर 2025 का रात में करीब 10 :30 बजे एक ऑडियो रिकॉर्ड चैट बरामद हुई है, इसमें समद कह रहा है कि फर्म की लॉगिन आईडी दे दो पासवर्ड चेक करना है। आरोपी के फोन में अन्य व्हाट्सएप वॉइस कॉल भी मिली हैं। क्राइम ब्रांच के निरक्षक संजय कुमार धीर ने बताया कि आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन बराबर हुए हैं। इनमें वॉइस कॉल रिकॉर्डिंग में जीएसटी लॉगिन पासवर्ड की बात कही गई है। मोबाइलों में तस्वीर एवं व्हाट्सएप चैट मिली हैं, जबकि व्हाट्सएप की पुरानी चैट डिलीट की हुई है। आरोपियों के फोन में अत्यधिक डिजिटल डाटा होने का फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी।

# केंद्रीय बजट में एलाइड एवं हेल्थकेयर सेक्टर को लेकर हुआ वेबिनार

कार्यालय संवाददाता, बरेली



वेबिनार में विभिन्न संकाय सदस्य, शिक्षक और विद्यार्थी। ● अमृत विचार

- प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर साइंसेज के संकाय सदस्यों ने पोस्ट बजट वेबिनार में सहभागिता की। इस वेबिनार का उद्देश्य केंद्रीय बजट में एलाइड एवं हेल्थकेयर सेक्टर के लिए की गई घोषणाओं और योजनाओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। यह वेबिनार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं और पहलों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम के दौरान एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल्स के विस्तार, लगभग 1.5 लाख केयरगिवर्स को प्रशिक्षण देने की योजना, पांच क्षेत्रीय मेडिकल हब की स्थापना, आयुर्वेद एवं आयुष संस्थानों के उन्नयन, मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों को सुदृढ़ बनाने एवं इमरजेंसी एवं ट्रॉमा केयर सेंटरों को मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। फैकल्टी ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर साइंसेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि यह वेबिनार एलाइड एवं हेल्थकेयर क्षेत्र से जुड़े शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके माध्यम से उन्हें बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए निर्धारित नई नीतियों और योजनाओं की जानकारी प्राप्त होती है। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे वेबिनार शिक्षण संस्थानों को राष्ट्रीय नीतियों और विकास की दिशा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य, कौशल विकास तथा आयुष क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। अकादमिक इंचार्ज डॉ. अमरनाथ शर्मा, डॉ. अनमोल शर्मा, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर अंकित कुमार सहित अन्य संकाय सदस्यों ने भी वेबिनार में सहभागिता की और कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक बताया।

# सर्जरी के बाद श्वेत बाघिन की हालत में हुआ सुधार

**बरेली, अमृत विचार :** आईवीआरआई के वैज्ञानिकों की टीम द्वारा दिल्ली चिड़ियाघर की डेढ़ वर्षीय श्वेत बाघिन देवी की जटिल सर्जरी के बाद उसकी हालत में लगातार सुधार हो रहा है। अब बाघिन एनेस्थीसिया से पूरी तरह उबर चुकी है। उसने सामान्य रूप से खाना-पानी भी लेना शुरू कर दिया है। फिलहाल, उसे चिड़ियाघर के पशु चिकित्सकों की कड़ी निगरानी में रखा गया है।

सर्जरी विभाग के डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि बाघिन को 2 मार्च को दोनों पिछले पैरों में गंभीर फ्रैक्चर हो गया था। 7 मार्च को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) की विशेषज्ञ सर्जिकल टीम ने उसकी जटिल सर्जरी की थी। सर्जरी के दौरान दाहिने पैर की टिबिया को डबल प्लेटिंग तकनीक से स्थिर किया गया, जबकि बाएं पैर की हड्डी को रॉड-प्लेट कंस्ट्रक्ट की मदद से जोड़ा गया था। उन्होंने बताया कि सर्जरी के बाद बाघिन की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। ऑपरेशन के बाद शुरुआती 48 से 72 घंटे बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए उसकी गतिविधियों और घाव की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# डेंगू और मलेरिया से प्रभावित इलाकों की होगी मैपिंग

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में डेंगू और मलेरिया से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों की विस्तृत मैपिंग कराई जाएगी, ताकि समय रहते वहां जरूरी कदम उठाए जा सकें। साथ ही इन बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाया जाएगा।

सीएमओ विश्राम सिंह ने कहा कि बरसात के मौसम में डेंगू और मलेरिया का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को अपने आसपास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना जरूरी है।

## सिटी डायरी

### डॉ प्रमेंद्र ने महिला रोगियों को दिया निशुल्क परामर्श



**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में श्री गंगाचरण अस्पताल में हड्डी जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी ने निशुल्क परामर्श स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। जिसमें महिला रोगियों को विभिन्न हड्डी रोगों, गठिया, कमर दर्द, साइटिका, घुटनों एवं सर्वाइकल दर्द आदि बीमारियों के संबंध में परामर्श दिया। लाइफ स्टाइल में बदलाव कर इन रोगों से बचाव के बारे में जागरूक किया। महिलाओं को स्तन और गर्भाशय के कैंसर से बचाव और वैक्सीन के बारे में भी बताया कि कैसे इन रोगों का पता लगाएं। शिविर में 56 महिला मरीजों की कैल्शियम की जांच भी की गयी।

### सड़क पर उतरी भीम आर्मी, पुलिस पर लगाए आरोप



**बरेली, अमृत विचार :** जिले में पुलिस की कार्यशैली को लेकर सोमवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। पुलिस पर भ्रष्टाचार, लापरवाही के आरोप लगाते हुए प्रदेश महासचिव विकास बाबू के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन कार्यालय में सौंपा। प्रदर्शन के दौरान मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम और जिला अध्यक्ष महेंद्रपाल सागर ने जिले से लोगों की शिकायतें इकट्ठा कर पुलिस प्रशासन के सामने रखीं। संगठन का आरोप है कि जिले के कई थानों में दलित, पिछड़े और मुस्लिम समाज के लोगों की शिकायतों पर उचित कानूनी कार्रवाई नहीं की जा रही है। कई मामलों में पीड़ितों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। संगठन ने मांग करते हुए कहा कि इन सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### इनरव्हील क्लब ऑफ बरेली साउथ ने सेवा कार्य किया




**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इनरव्हील क्लब ऑफ बरेली साउथ ने सेवा कार्य का आयोजन किया। रोटरी भवन में एक स्कूल की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाई और जरूरतमंदों को बैसाखियां बांटीं। क्लब अध्यक्ष प्रीती जिंदल ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। संचालन क्लब सेक्रेटरी मनीषा पांडे ने किया। रंजना ठाकुर, सीमा अग्रवाल, निधि अग्रवाल, बबीता कपूर, मनीषा मेहरा, डॉ. कृतिका अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, नीतू अग्रवाल आदि क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन को दिया प्रोत्साहन



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश राय ने रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विभाग में हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजकों को बधाई दी। संगोष्ठी में भारत–अमेरिका सहयोग और वैश्विक रणनीतियों पर चर्चा हुई। संगोष्ठी में तीन पुस्तकों का विमोचन किया गया, जिनमें भारत–अमेरिका संबंधों पर लेख प्रकाशित हैं। संगोष्ठी 28 फरवरी और 1 मार्च को आयोजित की गई थी। प्राचार्य ने विभाग को अकादमिक गतिविधियों में संलग्न रहने के लिए प्रोत्साहित किया।



# ओपीडी में बढ़े बुखार रोगी, पर्चा व दवा काउंटर पर लगी लाइन

## जिला अस्पताल में 2310 मरीज पहुंचे, पैथोलॉजी के बाहर जुटी मरीजों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के बीच बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में लगभग 2310 मरीज पहुंचे, जिनमें बुखार, खांसी, जुकाम और सीने में दर्द से पीड़ित ज्यादा मरीज थे।

जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या सुबह की अपेक्षा दोपहर में बढ़ गई। पहले पर्चा काउंटर पर मरीजों और तीमारदारों लंबी लाइन लगी रही, फिर डॉक्टरों को दिखाने के लिए मरीजों को लाइन में लगना पड़ा। होली के बाद अचानक से बदले मौसम में बुखार, खांसी, वायरल समेत सीने में दर्द की पीड़ित मरीज अधिक पहुंचे। डॉक्टरों ने मरीजों के खून की जांच कराने का परामर्श दिया। खून की जांच कराने वाले मरीजों में इस समय लिवर से संबंधित जांच कराने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। पैथोलॉजी लैब के बाहर सुबह से ही मरीजों की लंबी कतार लगी रही। कई मरीजों को जांच के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। वहीं परामर्श के बाद दवाई लेने के लिए भी मरीज लगभग तीन बजे तक लाइन में लगे रहे।


जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर पर लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार


ओपीडी में चिकित्सकों के कक्षों के आगे मरीजों की लाइन। ● अमृत विचार

### शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे दिव्यांग

जिला अस्पताल में करीब दो सप्ताह बाद शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पहुंचे थे। सुबह से ही लंबी लाइन लग गई थी। हालांकि दोपहर तक सब लोग अपने आवेदन करने के बाद वहां से चले गए।

### तारीखों में उलझी अल्ट्रासाउंड जांच

- जांच के लिए रोगियों को एक माह बाद की मिल रही तारीख
- करना पड़ा रहा इंतजार दिन भर में होते हैं 70 से 80 अल्ट्रासाउंड



**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच कराने के लिए मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि जांच कराने के लिए मरीजों को एक माह बाद की तारीख दी जा रही है। दूर-दराज से आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में रोज दो हजार के आस-पास मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। रोज 250 से 300 मरीजों को अल्ट्रासाउंड जांच कराने की सलाह दी जाती है। लेकिन अस्पताल में एक मशीन होने के कारण दिनभर में करीब 70 से 80 अल्ट्रासाउंड ही हो पाते हैं। ऐसे में रोज ही लगभग 100-150 मरीज अपना अल्ट्रासाउंड नहीं करा पाते। ऐसे मरीजों को जांच के लिए इंतजार करना पड़ता है। सुभाषनगर की रहने वाली सुनीता ने बताया कि उनकी तबियत लंबे समय से खराब चल रही है। जिला अस्पताल के डॉक्टर ने उन्हें अल्ट्रासाउंड जांच कराने की सलाह दी है, लेकिन जब वह अल्ट्रासाउंड केंद्र पर पहुंची तो उन्हें 13 अप्रैल की तारीख देकर उस दिन आने के लिए कहा। वहीं वंदना ने बताया कि उन्हें अपना अल्ट्रासाउंड कराना है, लेकिन उन्हें भी अल्ट्रासाउंड जांच के लिए 13 अप्रैल की तारीख दी गई है। फिलहाल, त्वरित जांच न होने के कारण मरीजों को दिक्कत हो रही है।

> अस्पताल में एक ही अल्ट्रासाउंड मशीन है। उससे दिन भर में जितनी जांचें हो पाती हैं, उतनी की जाती हैं। एक अतिरिक्त मशीन और स्टाफ की मांग को लेकर शासन को पत्र लिखा जा चुका है।
>
> **-रमेश चंद्र दीक्षित**, एडीएसआईसी

### जिला अस्पताल, सीएचसी-पीएचसी पर अब बायोमैट्रिक हाजिरी, देरी से आए तो कटेगा वेतन



**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल समेत जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर अब बायोमेट्रिक हाजिरी की व्यवस्था लागू कर दी गई है। सभी डॉक्टर और कर्मचारी बायोमेट्रिक मशीन से हाजिरी लगाएंगे। देरी से आने वाले डॉक्टरों और कर्मचारियों का वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ विश्राम सिंह ने बताया कि सोमवार से जिला अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी में तैनात लगभग 2000 कर्मचारियों को अब बायोमैट्रिक मशीन से उपस्थिति दर्ज करनी होगी। इससे डॉक्टर समेत समस्त स्टाफ की उपस्थिति पर नजर रखना आसान हो जाएगा। अभी तक कई लोग अपने काम को सही तरीके से नहीं कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जो लेट आएगा उसकी बायोमेट्रिक हाजिरी देर से लगते ही आधे दिन का वेतन कट जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी स्टाफ समय पर आए और जाए। इससे काम में आसानी होगी और मरीजों को इसका लाभ मिल सकेगा। वहीं, जिले की सीएचसी और पीएचसी से अक्सर शिकायतें आती थीं कि स्टाफ समय पर नहीं आता है, मगर अब ऐसा नहीं हो सकेगा। देरी से आने वालों के खिलाफ विभाग की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

### ओपीडी में डॉक्टर सुबह आठ बजे पहुंचेंगे

सीएमओ ने बताया कि ओपीडी में बैठने वाले डॉक्टरों को सुबह आठ बजे तक अस्पताल पहुंचकर बायोमेट्रिक हाजिरी लगानी होगी। इसके बाद ही मरीजों को देखने की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके साथ दवा वितरण, पर्चा काउंटर पर काम करने वाले कर्मी भी सुबह आठ से दो बजे तक अपना काम करेंगे। दरअसल, अभी तक सुबह की ड्यूटी पर तैनात कई डॉक्टरों समेत स्टाफ देरी से आता था। इससे मरीजों को उनका इंतजार करना होता था।

## सिटी ब्रीफ

### उर्दू में कम तो शिक्षा शास्त्र में परीक्षार्थियों संख्या अधिक रही



**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षाएं नकल विहीन कराने के लिए प्रशासन सख्त है। बुधवार को दोनों पालियों में चार विषयों की परीक्षाएं हुईं। पहली पाली में हाईस्कूल उर्दू की परीक्षा के लिए 662 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था, जिसमें से 34 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं इंटरमीडिएट उर्दू और पंजाबी की परीक्षा के लिए 274 छात्रों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 17 छात्र अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में हाईस्कूल मनोविज्ञान की परीक्षा हुई। 423 छात्रों में से 11 अनुपस्थित रहे। वहीं शिक्षा शास्त्र विषय में सबसे अधिक छात्रों ने परीक्षा दी। इस विषय के लिए 3122 छात्रों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 259 छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हुए।

### होली मिलन समारोह से सामाजिक एकता का संदेश

**बरेली, अमृत विचार :** रामगंगा नगर जन समिति की ओर से दोहरा रोड स्थित सेक्टर के पार्क में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया गया। बच्चों ने फूलों और रंगों से होली खेलकर उत्साह दिखाया। वहीं लोगों ने गीत-संगीत और पारंपरिक ढोलक की धुन पर होली का आनंद लिया। इस दौरान स्वादिष्ट व्यंजनों और जलपान की भी व्यवस्था की गई। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि होली आपसी प्रेम और एकता का पर्व है। अमर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, आर पी सिंह, मुन्नी देवी, गीता पटेल, मंजू यादव आदि मौजूद रहे।

### इग्नू के विद्यार्थी ने पास की नेट परीक्षा



**बरेली, अमृत विचार :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के विद्यार्थी नितिन सिंह ने असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। बरेली कॉलेज अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा और अन्य कर्मचारियों ने नितिन को बधाई दी है। प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि इग्नू के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 15 मार्च तक विस्तारित कर दी गई है।

# रामलीला में कलाकारों ने सीता हरण का मंचन किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आज बाली वध, लंका दहन की लीला का होगा मंचन

**अमृत विचार :** ब्रह्मपुरी में चल रही 166 वीं रामलीला में सोमवार को सीता हरण और पक्षिराज जटायु के बलिदान की मार्मिक लीला का मंचन किया गया।

गुरु व्यास मुनेश्वर ने बताया कि वनवास के दौरान भगवान राम, सीता और लक्ष्मण पंचवटी में गोदावरी नदी के तट पर कुटिया बनाकर रहने लगे। इसी बीच खर-दूषण के वध के बाद अपमानित शूर्पनखा लंकापति रावण के पास पहुंची और सीता की सुंदरता का वर्णन करते हुए उसे बदला लेने के लिए उकसाया। रावण मारीच के पास गया, जिसने स्वर्ण मृग का रूप धारण कर सीता को आकर्षित किया। सीता के आग्रह पर भगवान राम स्वर्ण मृग को पकड़ने वन में चले गए और लक्ष्मण को उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी। बाद में छलपूर्वक लक्ष्मण को भी कुटिया से दूर भेज दिया गया। रावण ने छल से माता सीता का हरण किया।


रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

# महिलाओं के नेतृत्व को प्रोत्साहित करना जरूरी : डॉ. लता



बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी में कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को प्रोत्साहित करना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षित और सशक्त महिला ही एक सशक्त समाज और राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला होती है। यह बात बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के कई संकाय सदस्यों ने महिलाओं की पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के बढ़ते योगदान की सराहना की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया ने कहा कि महिलाएं समाज की सशक्त आधारशिला हैं। हमें महिलाओं के सम्मान, समान अवसर और उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। वहीं कार्यक्रम को रोचक और आनंददायक बनाने के लिए महिला संकाय सदस्यों के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। इनमें म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रही। प्रतियोगिता में बबीता शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सुमन उपविजेता रहीं। आयोजन समन्वयन बबीता शर्मा एवं सोनाली ने किया।

### परिवार के निर्माण में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया



**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब ऑफ बरेली चैंबर ने सोमवार को शहर के एक रेस्टोरेंट में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। मेजबानी राकेश गुप्ता व अल्का गुप्ता ने की। अतिथियों का स्वागत किया गया। समाज और परिवार के निर्माण में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मनोरंजन और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। विभिन्न खेलों ने माहौल में ऊर्जा भर दी, जिसमें ''तंबोला'' विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। संचालन अंकिता मेहरोत्रा, अनुष्का बंसल और अमृत बिंद्रा ने किया। फर्स्ट लेडी अंकिता मेहरोत्रा और अनुष्का बंसल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के जरिये यह संदेश दिया कि संगठित नारी शक्ति ही आधुनिक समाज की असली रीढ़ है।

### महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं




**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता महिला उद्यमी अमिता अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं का जीवन अक्सर चुनौतियों से भरा होता है, लेकिन आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर वे हर कठिनाई को पार कर सकती हैं। डॉ. लवी सिंह ने कहा कि समाज में कई बार महिलाओं पर अनावश्यक प्रतिबंध लगाए जाते हैं, जो गलत हैं। कल्पना शुक्ला ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकती हैं। जरूरत केवल अपनी शक्ति को पहचानने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की है। इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. आरके शुक्ला और पत्रकारिता विभाग के डीन प्रो. राजेश शर्मा ने भी महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। पोस्टर मेकिंग के विजेताओं को सम्मानित किया। डॉ. ललित कुमार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम और प्रति कुलाधिपति पार्थ गौतम के मार्गदर्शन में हुआ। संयोजक डॉ. रुबीना वर्मा आदि शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# कचरा पृथक्करण और प्लास्टिक मुक्त शहर का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर निगम से महिला सफाई मित्रों ने झंडी दिखाकर स्वच्छता रैली को रवाना किया

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में नारी स्वच्छता लीड्स-मिशन शक्ति 5.0' थीम के तहत दूसरे दिन नगर निगम भवन से चौकी चौराहा तक स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। महिला सफाई मित्रों ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में 600 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

रैली के माध्यम से शहरवासियों को वेस्ट मैनेजमेंट, कचरा पृथक्करण (चार प्रकार के कचरे), होम कम्पोस्टिंग और सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार का संदेश दिया गया। आकर्षण का केंद्र रहे 'प्लास्टिक मॉन्स्टर' ने लोगों को प्लास्टिक मुक्त बरेली बनाने के लिए प्रेरित किया। आईईसी वैन और डोर-टू-डोर वाहनों के काफिले ने पूरे मार्ग पर पर्यावरण संरक्षण और नारी स्वावलंबन की गूंज पैदा की। उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी नैन सिंह, मुख्य खाद्य निरीक्षक महेंद्र राठौर और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही। रैली का समापन नगर निगम भवन पर सामूहिक स्वच्छता शपथ के साथ हुआ, जहां सभी ने शहर को निर्मल और स्वस्थ बनाए रखने का संकल्प लिया। नगर निगम की ओर से आयोजित रैली में महिला सफाई मित्र, एनजीओ प्रतिनिधि, ब्रांड एंबेसडर और स्वच्छ भारत मिशन की टीम शामिल रही।



जागरूकता रैली में शामिल स्वच्छ भारत मिशन से जुड़ीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## सिटी डायरी

### छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा को प्राथमिकता देने को किया प्रेरित



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एसएसवी इंटर कॉलेज में सोमवार को विचार गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और शिक्षा को प्राथमिकता देने को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कहा कि महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। मुख्य वक्ता अभाविप की महानगर उपाध्यक्ष प्रो. तूलिका सक्सेना ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं बल्कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति समाज को जागरूक करने का दिन है। उन्होंने छात्राओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। महानगर सह मंत्री काव्या गंगवार ने आभार जताया। प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया, विभाग संगठन मंत्री विकास गोला, महानगर सह मंत्री रवि प्रताप, महानगर सह मंत्री कुनाल मिश्रा, विपिन शर्मा, सत्यम गुर्जर आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रांत राष्ट्रीय कला मंच संयोजक अनुष्का शर्मा ने किया।

### चमन जहां मातृ श्री रचनात्मक महिला सम्मान से सम्मानित




**बरेली, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति विचार मंच ने बिहारीपुर में आयोजित कार्यक्रम में इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या चमन जहां को मातृ श्री रचनात्मक महिला सम्मान से सम्मानित किया। चमन जहां ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि पूरे महिला समाज का है। मुख्य अतिथि रेनू शर्मा ने कहा कि महिला और पुरुष समाज रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं। दोनों की समान भागीदारी से ही समाज, परिवार और अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। मंच के अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, अलका त्रिवेदी, सरला रस्तोगी, कंचन रस्तोगी, नीरू रस्तोगी, जैनब फात्मा, डॉ. सुरेश रस्तोगी, डॉ. वीरेंद्र जैसवार, इंद्रदेव त्रिवेदी, शिवम वर्मा मौजूद रहे।

### छात्रा अक्षिता नेगी को मिला राज्य स्तरीय कला विरासत पुरस्कार



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज में हुए कार्यक्रम में संस्कृति मंत्रालय के प्रमुख निदेशक डॉ. सुरेश शर्मा ने चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए आर्मी स्कूल बरेली की छात्रा अक्षिता नेगी को राज्य स्तरीय कला विरासत पुरस्कार से सम्मानित किया। अक्षिता को पुरस्कार स्वरूप 5000 रुपये का चेक मिला। आर्मी स्कूल परिवार की छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिरोही एवं उप प्रधानाचार्य एनसीसी आफिसर नंदकिशोर माथुर, कला शिक्षक दिवाकर आर्य ने शुभकामनाएं दी हैं।

# युवाओं को स्वरोजगार व कौशल विकास के लिए प्रेरित किया

- शिविर में बरेली कॉलेज की छात्र इकाई प्रथम, द्वितीय और तृतीय शामिल रही

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की छात्र इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन युवाओं को कौशल विकास, खाद्य प्रसंस्करण और स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। संगोष्ठी में रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग के प्रभारी प्रो. एमपी सिंह ने कौशल विकास के लिए युवा विषय पर स्वयंसेवकों को लक्ष्य निर्धारण, आत्ममंथन और समय के सदुपयोग के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के सुबह के सत्र में राजकीय खाद्य एवं प्रसंस्करण महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य अंशुल सिन्हा ने स्वयंसेवकों को बताया कि इंटरमीडिएट के बाद छात्र खाद्य प्रसंस्करण विभाग से एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स जैसे फूड प्रोसेसिंग, बेकरी और कुकरी कर सकते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशार्थ गौतम, डॉ. बृजवास कुशवाहा, डॉ. राजीव यादव ने भी विचार रखे। स्वयंसेवकों ने सिकलापुर और खुर्रमगोटिया बस्तियों में जाकर नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक भी किया। रवि प्रकाश गंगवार, शिवपूजन शंखधर, अमन यादव, आलोक कुमार प्रजापति, निशांत पटेल, मोहम्मद फैज, निहाल खान, लाल्ला बाबू, जितिन गंगवार आदि मौजूद रहे।

# धर्म और भक्ति का महत्व बताया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में चल रही श्रीरामचरितमानस कथा के दूसरे दिन सोमवार कथा व्यास पंडित देवेंद्र उपाध्याय ने धर्म, आचरण और भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला।


देवेंद्र उपाध्याय।

कथा व्यास ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि देवताओं में महादेव का स्थान सर्वोच्च है। बताया कि ब्रह्मा जी जब भाग्य लिखने के कार्य से परेशान होकर माता पार्वती के पास पहुंचे, तब उन्होंने कहा कि मनुष्य का भाग्य भले ही निर्धारित हो, लेकिन जब वह भगवान शिव की शरण में आता है तो उनकी कृपा से उसका जीवन बदल सकती है। उन्होंने महाभारत और रामायण के उदाहरण देते हुए कहा कि अन्याय के विरुद्ध खड़े होना ही सच्चा धर्म है। इस दौरान मंदिर सेवा समिति के प्रताप चंद्र सेठ, संजीव औतार अग्रवाल और सुभाष मेहरा सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

### भरत चरित्र का वर्णन किया



**बरेली, अमृत विचार :** मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री गणेश उत्सव समिति और श्री गणेश उत्सव सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन सोमवार को कथा व्यास आशुतोष दास ने भरत चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा व्यास ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में वंदना प्रकरण में भरत जी की वंदना करते हुए प्रनवऊं प्रथम भरत के चरना लिखा है। उन्होंने कहा कि प्रथम शब्द का अर्थ यह नहीं है कि भरत की वंदना सबसे पहले की गई, बल्कि इसका भाव यह है कि अन्य सभी पात्रों की वंदना तुलसीदास जी ने बुद्धि से की, जबकि भरत की वंदना उन्होंने हृदय से की है। बताया कि रामकथा में जहां भगवान की कथा के प्रमुख श्रोता हनुमान माने जाते हैं, वहीं भक्त चरित्र के प्रसंग में स्वयं भगवान राम श्रोता बन जाते हैं। कथा व्यास ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग का वर्णन किया। कहा कि जब जीवन में श्रद्धा और विश्वास का संगम होता है, तभी मनुष्य के जीवन में श्रीराम कथा का प्राकट्य होता है। समिति के श्याम जी शर्मा, कैलाश चंद शर्मा, विकास शर्मा, महेश शर्मा, अजय शर्मा, मनोज अग्रवाल, मनी शर्मा, शंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।